**स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत** नवीन कन्या स्कूल में स्वच्छता जागरुकता शिविर का आयोजन

# बच्चे स्वच्छता के प्रति परिवार को जागरुक करें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में साफ -सफाई बड़ी चुनौती है, क्योंकि इसी से गंभीर बीमारियां फैलती हैं और इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों पर ही पड़ता है। विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बच्चों के स्वास्थ्य और उनके शारीरिक, मानसिक विकास के लिए बाल स्वच्छता को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। दुर्भाग्य से 14 साल की उम्र के बच्चों में से 20 फीसदी से अधिक बच्चे असुरक्षित पानी, अपर्याप्त स्वच्छता या अपर्याप्त सफाई के कारण या तो बीमार रहते हैं या मौत का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में स्वच्छता के प्रति सभी सतर्क रहे और विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राएं अपने परिवार व समाज को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करें।





कार्यक्रम में मौजूद स्कूली बच्चे। बच्चों को पुरस्कार वितरित करती प्राचार्य और मौजूद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया।

उक्त विचार निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शनिवार को आंनद कालोनी स्थित नवीन कन्या उमावि में आयोजित स्वच्छता जागरुकता शिविर के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरक बातें भी समझाई। उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने कहा गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। इसलिए साफ-सफाई का जीवन में खासा महत्व है। प्राचार्य ममता अग्रवाल ने स्वच्छता लाओ जीवन बचाओ का नारा देते हुए कहा कि जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति जागरुक नहीं होगा तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रारंभ में सरस्वती का पूजन आयुक्त झारिया, उपायुक्त शुक्ला व प्राचार्य अग्रवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत किया गया। सीमा खराड़ी ने किया व आभार सुरेखा माना ने माना।

## स्पर्धा मे सुनैना और आराधना ने बाजी मारी

जागरुकता शिविर के दौरान स्कूली छात्राओं ने रांगोली, मेंहदी, चित्रकला, निबंध सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में जारा खान, पायल कुमावत और शगुफ्ता खान, रांगोली में आराधना, करिश्मा, ज्योति और शगुफ्ता खान, चेयर रेस में सुनेना, पायल और बारकू ने बाजी मारी है। मेंहदी प्रतियोगिता में नोशिना, चंचल और निखत को पुरस्कृत किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै.भास्कर –पृष्ठ 10.... दिनांक 14/02/...2021

# सीवरेज की खुदाई फिर शुरू, एक महीने तक बदलेगा रूट



हरदेवलाला पीपली की सड़क पर खुदाई का काम शुरू हो गया है।

रतलाम। अगर आप परेशानी से बचना चाहते हैं तो कम से कम आगामी एक माह हरदेवलाला पीपली से चांदनीचौक तक जा रही सड़क पर जाने से बचें। वजह सीवरेज सिस्टम की खुदाई है, जो शनिवार को हरदेवलाला पीपली से फिर शुरू हो गई है। 4 से 4.5 मीटर गहराई तक खुदाई होगी। प्रोजेक्ट इनचार्ज हरेश भाई ने बताया कि हरदेवलाला पीपली से 100 मीटर तक लगभग 4 मीटर गहराई में 250 एमएम की सीवर लाइन डलेगी। उसके आगे त्रिपोलिया गेट तक लगभग 4.5 मीटर गहराई में खुदाई करके 400 एमएम की मेन लाइन डाली जाएगी। बैरिकेडिंग की है।

## ऐसे होगा काम

ठेकेदार के लिए सड़क के एक तरफ यातायात चालू रखते हुए काम करना बहुत मुश्किल होगा। पहले हरदेवलाला पीपली से नीमचौक रोड चौराहे तक, फिर वहां से तोपखाना चौराहा, उसके बाद आजाद चौक और चौथे पार्ट में आजाद चौक से त्रिपोलिया गेट तक खुदाई होकर पाइप लाइन डलेगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वतंत्र लेखक–पृष्ठ 09 दिनांक 14/02/2021

# वेदव्यास कालोनी में सोमवार को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

## नागरिकों ने 25,09,144/- संपत्तिकर व 6,38,470/- जलकर जमा कराया

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली षिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित षिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू-भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें। निगम द्वारा आयोजित षिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर षिविर में संपत्तिकर 1,10,000/- व जलकर 6,000/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा षिविर में संपत्तिकर 1,40,000/- व जलकर 55,775/-, अम्बे माता जवाहर नगर ष्विर में संपत्तिकर 2,38,000/- व जलकर 49,010/-, विनोबा नगर षिविर में संपत्तिकर 1,25,000/- व जलकर 43,670/-, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल षिविर में संपत्तिकर 1,22000/- व जलकर 29,280/-, तिरूपति षिविर में संपत्तिकर 77,000/- व जलकर 19,850/-, कोमल नगर षिविर में संपत्तिकर 1,27,000/- व जलकर 48,220/-, मार्निंग स्टार स्कूल षिविर में संपत्तिकर 1,12,000/- व जलकर 14,000/-, कस्तुरबा नगर षिविर में संपत्तिकर 5,47,000/- व जलकर 86,540/-, प्रियदर्षनी नगर षिविर में संपत्तिकर 1,02,000/- व जलकर 3,76,905/-, डोंगरे नगर षिविर में संपत्तिकर 1,82,500/- व जलकर 76,470/-, हाट रोड षिविर में संपत्तिकर 68,000/- व जलकर 47,595/-, कलीमी कालोनी षिविर में संपत्तिकर 1,17,000/- व जलकर 22,680/-, राजेन्द नगर षिविर में संपत्तिकर 1,01,644/- व जलकर 55,320/-, काटजू नगर षिविर में संपत्तिकर 2,76,000/- व जलकर 59,500/- की राषि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित षिविरों में 25,09,144/- संपत्तिकर व 6,38,470/- जलकर की राषि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली षिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 48 के लिये 15 फरवरी को वेदव्यास कालोनी, वार्ड क्रमांक 22 के लिये 16 फरवरी को कल्याण नगर, वार्ड क्रमांक 18, 19 व 20 के लिये 17 से 18 फरवरी तक दीनदयाल नगर, वार्ड क्रमांक 44 व 23 के लिये 19 व 22 फरवरी को बोहरा बाखल, वार्ड क्रमांक 23 व 44 के लिये 23 फरवरी को रामगढ़, वार्ड क्रमांक 21 व 45 के लिये 24 से 25 फरवरी तक लकड़पीठा प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिये 26 फरवरी व 1 मार्च को आर्य समाज मंदिर-धानमण्डी, वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 2 मार्च को जूनी कोर्ट किरण टॉकिज, वार्ड क्रमांक 28, 29, 36, 37 व 38 के लिये 3 से 4 मार्च को लॉ कॉलेज आनंद कालोनी, वार्ड क्रमांक 28 के लिये 5 मार्च को प्रताप नगर उद्यान के पास, वार्ड क्रमांक 13 के लिये 6 मार्च को महावीर नगर, वार्ड क्रमांक 39, 40 व 41 के लिये 8 से 9 मार्च तक पैलेस रोड तिराहा, वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 10 मार्च को चौगानिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 12 व 15 मार्च को षिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 16 व 17 मार्च तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिये 18 से 19 मार्च तक बजाजखाना गणेष देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को षास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेषन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में षिविर आयोजित किये गये है।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त षिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित षिविरों में बकायादार अपनी बकाया राषि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– तेज एक्सप्रेस पृष्ठ 13 दिनांक 14/02/2021

# बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन होगा

**रतलाम । रतलाम स्थापना महोत्वस समिति की बैठक 11 फरवरी को समिति के संस्थापक व समिति संयोजक श्री मुन्नालाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम कर रतलाम स्थापना दिवस मनाने पर सर्वानुमति से विचार-विमर्श किया गया।**

उक्त जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष श्री प्रवीण सोनी, सचिव श्री मंगल लोढ़ा ने बताया कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा बसंत पंचमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया जिसके तहत बसंत पंचमी की पूर्व संध्या 15 फरवरी सोमवार को सांय 07:00 बजे रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी द्वारा स्थापित रत्नेश्वर महादेव मंदिर रत्नेश्वर रोड पर महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण कर रतलाम स्थापना का शुभारंभ किया जाएगा।



इसी तरह 16 फरवरी मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे नगर निगम तिराहे पर रतलाम राज्य के जनक महाराजा रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर रतलाम स्थापना से आज तक पर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जायेगा व आतिशबाजी कर मिठाई वितरण नगर निगम रतलाम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा।

17 फरवरी बुधवार को दोपहर 03:00 बजे जेएमडी पैलेस पर संगोष्ठी (परिचर्चा) विषय – मेरा रतलाम (प्रगति के पथ पर) का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप होंगे, वक्ता के रूप में रतलाम के वरिष्ठ पत्रकार श्री शरद जी जोशी व वरिष्ठ शिक्षाविद् श्री मुरलीधर चाँदनीवाला, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चार्टेड अकाउन्टेंट श्री एस.एल. चपलोद करेंगे।

रतलाम स्थापना महोत्सव समिति ने रतलाम नगर के राजनैतिक, सामाजिक एवं नागरिकों से अपील की है कि अपने शहर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

आयोजित बैठक में समिति के सदस्य प्रदीप उपाध्याय, मोहनलाल धभाई, संतोष पोरवाल, गोपाल शर्मा, आदित्य डागा, राजेश कटारिया, सूरज जाट, सुनील माली, अशोक यादव, राजेश माहेश्वरी, रजनीश गोयल, पंडित राजू हॉकी, रामचन्द्र डोई, ईश्वर रजवाड़िया, महेन्द्र मूणत, स्नेहिल उपाध्याय, ठाकुर सुरेशचन्द्र चावड़ा, लक्ष्मीनाराण गेहलोत, हितेश सोलंकी, विनोद सठौर, सुनील रांका, मुरलीधर गुर्जर, विक्रम गुर्जर गड्डू, जोन्टी गुर्जर, श्याम सोनी, प्रकाश धभाई, तेजपाल रेड़ा, असीम व्यास, राकेश परमार, मुकेश व्यास लालू, नागूसिंह, मुकेश पंड्या, नवीन बैरागी, सत्यनाराण भाटी, कमलसिंह चौहान, प्रकाश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार तेज एक्सप्रेस पृष्ठ 05 दिनांक 14/02/2021

# स्वच्छता को लेकर शहर में आई परिवर्तन की लहर

**स्वच्छता सर्वेक्षण -2021 के तहत शहर के कचरामुक्त स्थलों पर रांगोली निर्माण और जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर जारी, लोगों ने कहा यह अभियान लोगों को एकता और स्वच्छता के सूत्र में बांध रहा है**

रतलाम । स्वच्छता अभियान न सिर्फ गंदगी हटाने का एक जरिया है, बल्कि यह अभियान समाज को एकता के सूत्र में भी बांधता है। शहर के आधा दर्जन क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश देते हुए जब रांगोली का निर्माण कर दीप दान कराया गया तो लोगों का कहना था कि स्वच्छता अभियान से समाज में परिवर्तन आया है। लोग न सिर्फ अपने घर के सामने से गंदगी हटा रहे हैं बल्कि उत्साह के साथ गलियों और सडकों को भी साफ कर रहे हैं।

नागरिकों ने कहां कि पहले सफाई को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को एक मुहिम से जोड़ दिया, जिसके कारण लोग भी स्वच्छता अभियान में काफी उत्साह से भाग लेते हैं।

इस मौके पर बंसतीलाल चोपड़ा ने कहां कि पहले हम केवल अपने घर की ही सफाई करते थे, लेकिन स्वच्छता का असली महत्व अपनी कॉलोनी और शहर को साफ करने में योगदान देना है। स्वच्छता अभियान से जुडकर काफी अच्छा लगा। गृहणी नेहा वर्मा ने कहां कि स्वच्छता अभियान को जनमानस में उतारना जरूरी है। जब तक समाज का एक एक नागरिक स्वच्छता अभियान से नहीं जुड़ेगा। हमारा शहर सम्पूर्ण तरीके से साफ नहीं हो सकता।




श्रीमती सलोनी वसुनिया ने कहां मेरे पूरे परिवार ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। पहले पार्क में झाड़ू लगाने के बारे में सोचना भी अजीब लगता था, लेकिन अब स्वच्छता अभियान में भाग लेने में काफी आनंद आया। राधा मालवीय ने कहां कि नगर निगम ने जब से चलाए गए स्वच्छता अभियान की बागडोर संभाली। स्वच्छता अभियान को लेकर ज्यादातर नागरिक में उत्साह है। युवा वर्ग के लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहां कि स्वच्छता अभियान में केवल एक दिन सफाई करने से सडक, पार्क और गलियां साफ नहीं होगी। हमे स्वच्छता अभियान को अपनी आदत का हिस्सा बनाना होगा। अशोक पंवार ने कहां कि स्वच्छता अभियान को लोगों को अपने जीवन में अपनाना होगा। तभी जाकर प्रतिदिन सफाई हो सकेंगे। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का भी प्रयास करना चाहिए।

प्रवीण सोनी ने बताया कि सफाई करने के लिए झाड़ू पकडने में किसी को कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। कई लोग साफ सफाई चाहते हैं, लेकिन खुद झाड़ू पकडने से गुरेज करते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनीया पृष्ठ 02 दिनांक 14/02/2021

# स्वच्छता में नंबर वन रैंक के लिए...




रतलाम को स्वच्छता में नंबर वन रैंक दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव कोशिश की जा रही है। वर्तमान में शहर के विभिन्न स्थानों पर आकर्षक पेंटिंग बनवाई जा रही है। पेंटिंग के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ● नईदुनिया



# स्वच्छता को लेकर शहर में आई परिवर्तन की लहर

## लोगों ने कहां यह अभियान लोगों को एकता और स्वच्छता के सूत्र में बांध रहा है

रतलाम। स्वच्छता अभियान न सिर्फ गंदगी हटाने का एक जरिया है, बल्कि यह अभियान समाज को एकता के सूत्रे में भी बांधता है। शुक्रवार को शहर के आधा दर्जन क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश देते हुए जब रांगोली का निर्माण कर दीप दान कराया गया तो लोगों का कहना था कि स्वच्छता अभियान से समाज में परिवर्तन आया है। लोग न सिर्फ अपने घर के सामने से गंदगी हटा रहे हैं बल्कि उत्साह के साथ गलियों और सड़कों को भी साफकर रहे हैं।

नागरिकों ने कहां कि पहले सफाई को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को एक मुहिम से जोड़ दिया, जिसके कारण लोग भी स्वच्छता अभियान में काफी उत्साह से भाग लेते हैं।

इस मौके पर बंसतीलाल चोपड़ा ने कहां कि पहले हम केवल अपने घर की ही सफाई करते थे, लेकिन स्वच्छता का असली महत्व अपनी कॉलोनी और शहर को साफ्करने में योगदान देना है। स्वच्छता अभियान से जुडकर काफी अच्छा लगा। गृहणी नेहा वर्मा ने कहां कि स्वच्छता अभियान को जनमानस में उतारना जरूरी है। जब तक समाज का एक एक नागरिक स्वच्छता अभियान से नहीं जुड़ेगा। हमारा शहर सम्पूर्ण तरीके से साफनहीं हो सकता।

श्रीमती सलोनी वसुनिया ने कहां मेरे पूरे परिवार ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। पहले पार्क में झाडू लगाने के बारे में सोचना भी अजीब लगता था, लेकिन अब स्वच्छता अभियान में भाग लेने में काफी आनंद आया। राधा मालवीय ने कहां कि नगर निगम ने जब से चलाए गए स्वच्छता अभियान की बागडोर संभाली। स्वच्छता अभियान को लेकर ज्यादातर नागरिक में उत्साह है। युवा वर्ग के लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहां कि स्वच्छता अभियान में केवल एक दिन सफाई करने से सडक, पार्क और गलियां साफ नहीं होगी। हमे स्वच्छता अभियान को अपनी आदत का हिस्सा बनाना होगा। अशोक पंवार ने कहां कि स्वच्छता अभियान को लोगों को अपने जीवन में अपनाना होगा। तभी जाकर प्रतिदिन सफाई हो सकेंगे। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का भी प्रयास करना चाहिए।

प्रवीण सोनी ने बताया कि सफाई करने के लिए झाडू पकडने में किसी को कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। कई लोग साफ सफाई चाहते हैं, लेकिन खुद झाडू पकडने से गुरेज करते हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आंकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।



## निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करों को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड में नगर निगम के मैदानी व कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोना का टीका लगवाया।

## कालिका माता क्षेत्र में चार फुटकर व्यापारियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कालिका माता क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्रवाई के तहत चाणोदिया मटका कुल्फी, राहुल वाघेला, राज माहेश्वरी व शर्मा पाव-भाजी पर 250-250 रुपये का जुर्माना किया गया।

## 114 दिनों में ठीक किए 142 वाल्व व 775 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वाल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 114 दिनों में 142 वाल्व व 775 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शनिवार को रेल नगर, टैंकर रोड, सज्जन मिल रोड, सुभाष नगर मंदिर वाली गली, मोती नगर, गीता मंदिर रोड, जय भारत नगर, हाकिमवाड़ा, महालक्ष्मी नगर, महावीर नगर व बसंत विहार कॉलोनी में पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

## 656 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 656 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शनिवार को दो बत्ती थाने के सामने व सैलाना रोड से दो मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## मंडी में कचरा जलाने से शास्त्री नगर में फैला धुआं



मंडी में कचरे में लगी आग बुझवाते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं रहवासी। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के बीच स्थित सैलाना रोड सब्जी मंडी परिसर के अंदर लहसुन प्याज के छिलके व कचरे के ढेर में आग लग गई जिससे क्षेत्र में धुआं फैल गया। साफ-सफाई और कचरा बाहर फैंकने के लिए मंडी प्रशासन ठेकेदार को नियमित भुगतान कर रहा है, लेकिन ठेकेदार मनमानी कर रहा है। शास्त्री नगर के रहवासियों से सूचना मिलने पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयसिंह चौहान मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग बुझवाई। चौहान ने मंडी सचिव एसएन गोयल से चर्चा कर ठेकेदार की लापरवाही से अवगत कराया। चेतावनी भी दी गई है कि समस्या के निराकरण न होने पर क्षेत्र की जनता के साथ जन आंदोलन किया जाएगा। वहीं मंडी प्रभारी राजेन्द्र व्यास ने मौके पर पहुंच कर मंगलवार तक सफाई कराने व कचरा उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्र के कमल राजोरिया, कुलदीप बग्गा, राजेश डोई, मोहनलाल कुमावत, राधेश्याम प्रजापत उपस्थित रहे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार––पत्रिका––पृष्ठ 08...दिनांक 14/02/2021

## बसंत पंचमी के दिन स्थापना दिवस पर होंगे कई आयोजन

# 63 वर्ष पूर्व की फव्वारे पर लगी लोहे की जाली हटाई, अब स्टील चमकेगा

## रतलाम स्थापना उत्सव को लेकर नगर निगम कर रहा भागीदारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर की स्थापना का उत्सव आगामी 16 फरवरी को बसंत पंचमी के दिन मनाया जाएगा। इस दिन कई आयोजन शहर में होंगे। बड़ी बात यह है कि हर बार आयोजन में 4 लाख रुपए के बजट होने के बाद भी 20 से 30 हजार रुपए का व्यय करने वाले नगर निगम ने पहली बार रतलाम रियासत की स्थापना करने वाले महाराजा रतनसिंह रत्न की प्रतिमा के बाहर बने हुए फव्वारे की जाली को 63 वर्ष बाद बदलना शुरू किया है। अब तक यहां लोहे की जाली लगी हुई थी, जिसके स्थान पर अब चमकीला स्टील की जाली आकर्षक रुप से लगाई जा रही है। नगर पालिका भवन व फव्वारे का निर्माण कार्य की शुरुआत तत्कालीन रेलमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने 1956 मे नगर पालिका भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था।

आयोजन समिति के सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया कि नगर निगम के बाहर महाराज की प्रतिमा है। इस प्रतिमा के आगे बना हुआ फव्वारा वर्ष 1956 में लोकार्पित हुआ था। 4 सितंबर 1956 को तत्कालीन समय में रेलमंत्री लालबहादुर शास्त्री शहर में आए थे। उन्होंने ही नगर पालिका के भवन निर्माण कार्य की शुरुआत की थी, तब फव्वारा भी बनाया गया था जिसको पालिका भवन बनने के समय शुरू किया गया था। फव्वारे को लोकार्पित 9 फरवरी 1958 को किया गया था। इसी दौरान जालियां लगाई गई थी। तब से अलग अलग परिवर्तन तो हुए, लेकिन जालियां अब बदली गई है। रतलाम स्थापना महोत्वस समिति की बैठक में बसंत पंचमी रतलाम स्थापना दिवस पर समिति द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम करने का निर्णय हुआ। समिति संयोजक मुन्नालाल शर्मा, समिति अध्यक्ष प्रवीण सोनी, सचिव मंगल लोढ़ा ने बताया कि रतलाम स्थापना महोत्सव समिति द्वारा बसंत पंचमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। पत्रिका।



### वाहन रैली भी निकलेगी

इन आयोजन के अलावा मंगलवार को सुबह 10 बजे पैलेस रोड से राजमहल परिसर से वाहन रैली भी निकलेगी। रैली पैलेस रोड से डालूमोदी बाजार होते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई नगर निगम पहुंचेगी। यहां पर महाराजा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

### 16 फरवरी को होगा माल्यार्पण

मंगलवार को सुबह 10:30 बजे नगर निगम तिराहे पर महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर रतलाम स्थापना से अब तक पर प्रदर्शनी की शुरुआत की जाएगी। इस दौरान आतिशबाजी कर मिठाई वितरण नगर निगम रतलाम व रतलाम स्थापना महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा।

### दोपहर में होगी परिचर्चा

17 फरवरी बुधवार को दोपहर 3 बजे जेएमडी पैलेस सागोद रोड पर परिचर्चा विषय - मेरा रतलाम प्रगति के पथ पर का आयोजन होगा। मुख्य वक्ता विधायक शहर चैतन्य काश्यप होंगे। वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी व वरिष्ठ शिक्षाविद् मुरलीधर चांदनीवाला, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सीए एसएल चपलोद करेंगे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– इन्दौर समाचार पृष्ठ 07 दिनांक 15/02/2021



## निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करो को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड में नगर निगम के मैदानी व कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोना का टीका लगवाया। इन्दौर

## निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम । फ्रंट लाईन वर्करों को लगाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड में नगर निगम के मैदानी व कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोना का टीका लगवाया।



## निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों न लगवाया कोरोन का टीका

रतलाम। फ्रंट लाईन वर्करों को लगाए जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलो ग्राउण्ड में नगर निगम के मैदानी व कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कोरोन का टीका लगवाया।

प्रसारण

दैनिक भास्कर, रतलाम, रविवार, 14 फरवरी, 2021

**निकाय चुनाव** • 15 फरवरी दोपहर 3 बजे तक मतदाता सूची पर आपत्ति की मियाद

# भाजपा : 39 वार्डों में इधर-उधर किए वोटर
# कांग्रेस : आज दावेदारों से अकेले में चर्चा

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

निकाय चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारियों को देखते हुए भाजपा और कांग्रेस खेमे में भी सक्रियता आ गई है। भाजपा की संभागीय चयन समिति की घोषणा इस सप्ताह हो जाएगी। कांग्रेस ने संभावित उम्मीदवारों से बात करना शुरू कर दिया है।

रविवार को इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी और सह प्रभारी यहां आ रहे हैं। इतना ही नहीं दोनों ही पार्टियां सोमवार को जारी हुई नई मतदाता सूची को खंगालने में जुटी ही हैं। आपत्ति लगाने का समय 15 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक का है। बीच में शनिवार और रविवार की छुट्टी आने के कारण कांग्रेस इसे आगे बढ़ाने की मांग कर रही है।

उधर भाजपा को 39 वार्डों की सूची में गड़बड़ी मिली है। इसे सुधारने सोमवार को आपत्ति लगाई जाएगी। बता दें कि विधानसभा सूची के पुनरीक्षण में सामने आए नए नामों को मिलाकर स्थानीय निर्वाचन ने सोमवार को 219796 मतदाता वाली नई सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया है। 20 फरवरी तक आपत्तियों के निराकरण के बाद 3 मार्च को फाइनल सूची सामने आ जाएगी।

## आपत्तियों के बाद भी नहीं सुधारी मतदाता सूची



आईटीआई स्थित मतदान केंद्र में मतदाता सूची देखते भाजपा पदाधिकारी।

भाजपा को अभी तक की पड़ताल में 39 वार्डों की सूची में गड़बड़ी मिली है। कई मतदाताओं के नाम दूसरे वार्ड में जोड़ दिए गए हैं। विधानसभा पुनरीक्षण में सामने आए नए नामों को भी सही वार्डों में नहीं जोड़ा गया है। पार्टी ने अक्टूबर में भी आपत्ति लगाई थी लेकिन स्थानीय निर्वाचन ने सुधार नहीं किया। सोमवार को इन्हें ठीक करने के लिए तथ्यों के साथ पार्टी की तरफ से एक साथ आपत्तियां लगाई जाएंगी।

## आज चलेगी कांग्रेस की कार्रवाई

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि पार्षद और महापौर का चुनाव लड़ने के इच्छुक 155 से ज्यादा दावेदारों के आवेदन आए हैं। 14 फरवरी को दोपहर 1 बजे से सर्किट हाउस के पास वाले शिवम पैलेस में बैठक होगी। इसमें पूर्व मंत्री एवं विधायक प्रियव्रत सिंह, सह प्रभारी पुष्पा भारती, झाबुआ विधायक-कांतिलाल भूरिया संभावित उम्मीदवारों से बात करेंगे।

*इतनी बार सुधार के बावजूद मतदाता सूची में गड़बड़ियां हैं। 39 वार्ड ऐसे हैं, जिनके मतदाताओं को दूसरे वार्ड में शामिल किया है। सोमवार को आपत्ति लगाएंगे। स्थानीय निर्वाचन गंभीरता से काम करे।* **दिनेश शर्मा**, स्थानीय निर्वाचन प्रभारी, भाजपा

*निर्वाचन विभाग को दावे-आपत्तियां लगाने की तारीख आगे बढ़ाना चाहिए। 49 वार्डों की सूची देखना है। सूची में गलतियां भी बहुत हैं। बीच में शनिवार और रविवार की छुट्टी भी आ गई है।* **यास्मीन शेरानी**, प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष, कांग्रेस

आरक्षण

# वैक्सीनेशन : 16286 फ्रंटलाइन वर्करों में से 9593 को लगा कोरोना का टीका

## मैसेज और फोन करने के बाद भी केंद्रों तक नहीं आ रहे पंजीकृत लोग

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में 16 जनवरी से 13 फरवरी तक 29 दिनों में 9593 स्वास्थ्य एवं फ्रंट लाइन वर्कर को कोरोना का टीका लग चुका है। दो चरणों में कुल 16286 को लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। जिन्हें टीका लगाना था, उन्हें मैसेज व फोन करके बुलाया भी गया, लेकिन 58.90 प्रतिशत लोग ही टीका लगवाने पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग के पंजीकृत 8854 वर्कर में से 6258 ने टीका लगवाया। इधर दूसरे चरण में पुलिस, राजस्व एवं नगरीय निकायों अधिकारी-कर्मचारियों में 7441 को टीका लगना था। इसमें 3335 ने ही अब तक टीका लगवाया है।

स्वास्थ्य से जुड़े निजी व शासकीय अमले में से 70 प्रतिशत ने टीका लगवाया तो शेष फ्रंटलाइन वर्कर में 44.82 प्रतिशत ने ही पहला डोज लिया है। शनिवार को भी 461 को बुलाया गया था, जिसमें 367 ने टीका लगवाया है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए टीका ही एक मात्र विकल्प है। टीकाकरण प्रभारी डा. वर्षा कुरील ने बताया कि पंजीकृत लोगों को प्रोटोकाल के अनुसार बुलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक कई केंद्रों में बहुत कम लोग टीकाकरण करा रहे हैं। जिले में 15 केंद्रों पर टीकाकरण हो रहा है।

**200 रिपोर्ट में तीन नए पॉजिटिव 44 मरीज एक्टिव**

शनिवार को 200 रिपोर्ट में तीन नए पॉजिटिव मिले, जिसमें मेडिकल कॉलेज लैब की 90 रिपोर्ट के तीन मरीज शामिल हैं। रैपिड एंटीजन की 111 रिपोर्ट में एक भी पॉजिटिव नहीं मिला। जिले में संक्रमितों की संख्या 4388 पहुंच गई और शनिवार को तीन नए मरीज डिस्चार्ज होने पर कुल 4262 स्वस्थ हुए, जबकि 82 की मौत हुई। फरवरी के 13 दिन में 48 नए मरीज मिले, 70 स्वस्थ हुए और दो की मौत हुई। एक्टिव मरीज 44 हैं।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार--प्रसारण--पृष्ठ 03 दिनांक 14/02/2021

# स्वच्छता को लेकर शहर में आई परिवर्तन की लहर

## शहर के कचरामुक्त स्थलों पर रांगोली निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम निरन्तर जारी, लोगों ने कहा यह अभियान लोगों को एकता और स्वच्छता के सूत्र में बांध रहा है

प्रसारण न्यूज • रतलाम

स्वच्छता अभियान न सिर्फ गंदगी हटाने का एक जरिया है, बल्कि यह अभियान समाज को एकता के सूत्र में भी बांधता है। शुक्रवार को शहर के आधा दर्जन क्षेत्रों में स्वच्छता का संदेश देते हुए जब रांगोली का निर्माण कर दीप दान कराया गया, तो लोगों का कहना था कि स्वच्छता अभियान से समाज में परिवर्तन आया है। लोग न सिर्फ अपने घर के सामने से गंदगी हटा रहे हैं, बल्कि उत्साह के साथ गलियों और सड़कों को भी साफ कर रहे हैं। नागरिकों ने कहा कि पहले सफाई को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को एक मुहिम से जोड़ दिया, जिसके कारण लोग भी स्वच्छता अभियान में काफी उत्साह से भाग लेते हैं।

इस मौके पर बंसतीलाल चौपड़ा ने कहा कि पहले हम केवल अपने घर की ही सफाई करते थे, लेकिन स्वच्छता का असली महत्व अपनी कॉलोनी और शहर को साफ करने में योगदान देना है। स्वच्छता अभियान से जुड़कर काफी अच्छा लगा। गृहणी नेहा वर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान को जनमानस में उतारना जरूरी है। जब तक समाज का एक एक नागरिक स्वच्छता अभियान से नहीं जुड़ेगा। हमारा शहर सम्पूर्ण तरीके से साफ नहीं हो सकता।

श्रीमती सलोनी वसुनिया ने कहा मेरे पूरे परिवार ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। पहले पार्क में झाड़ू लगाने के बारे में सोचना भी अजीब लगता था, लेकिन अब स्वच्छता अभियान मे भाग लेने में काफी आनंद आया।

राधा मालवीय ने कहा कि नगर निगम ने जब से चलाए गए स्वच्छता अभियान की बागडोर संभाली। स्वच्छता अभियान को लेकर ज्यादातर नागरिक में उत्साह है। युवा वर्ग के लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान मे केवल एक दिन सफाई करने से सड़क, पार्क और गलियां साफ नहीं होगी। हमें स्वच्छता अभियान को अपनी आदत का हिस्सा बनाना होगा। अशोक पंवार ने कहा कि स्वच्छता अभियान को लोगों को अपने जीवन में अपनाना होगा, तभी जाकर प्रतिदिन सफाई हो सकेगी। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का भी प्रयास करना चाहिए।

प्रवीण सोनी ने बताया कि सफाई करने के लिए झाडू पकड़ने में किसी को कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। कई लोग साफ सफाई चाहते हैं, लेकिन खुद झाडू पकड़ने से गुरेज करते है।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान शुक्रवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर दीप दान किया गया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका –पृष्ठ 01 ... दिनांक 14/02/2021

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नगर निगम का एक और नवाचार होगा**

# जो गंदगी करेगा उसी के हाथ थमाएंगे झाड़ू



## कैसे बनेंगा शहर नंबर-1

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर लाने के लिए नगर निगम ने कमर कसी हुई है। इसके लिए तरह तरह के नवाचार हो रहे हैं। अब इसमे एक और नवाचार नगर निगम करने जा रहा है। जहां जो व्यक्ति गंदगी करते नजर आएगा, उसी के हाथ में सफाई करने के लिए झाड़ू थमा दिया जाएगा। इस अभियान को शुरू करने के पूर्व हर मोहल्ले में इसका प्रचार सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर किया जाएगा। इतना ही नहीं दुबारा गंदगी करने पर एक दिन के लिए दिनभर पुलिस स्टेशन बैठाना तो तीसरी बार गल्ती करने पर शहर के दस किमी दूर इस प्रकार के व्यक्ति को छोड़ना शामिल है।

निगम ने स्वच्छता की दिशा में कई तरह के नए प्रयोग निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ मिलकर किए है। इन नए प्रयोग में मोहल्लों के कचरा स्थल को समाप्त करना। कचरा स्थल समाप्त होने के बाद फिर से कचरा नही हो इसके लिए उन स्थान पर रांगोली बनवाना, महिलाओं को भारतीस संस्कृति के साथ कचरा व गंदगी से महालक्ष्मी नाराज होती है इसलिए दीपदान करवाना आदि प्रयोग किए गए। इसके अलावा देर रात तक शहर के विभिन्न मोहल्लों में कार्य किए गए।

### बाजार में गंदगी रोकना लक्ष्य

इस समय दो बत्ती, माणक चौक, घांस बाजार, राममंदिर, कस्तुरबा नगर, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, कलाईगर रोड आदि प्रमुख बाजार क्षेत्र है। इन क्षेत्र में कारोबारी सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे तक दुकान खोलते है व फिर सफाई करके कचरा को सड़क पर डालते है। इससे शहर गंदा होता है। इसको रोकने के लिए हर दुकान के बाहर डस्टबिन होना व सुबह 11 बजे बाजार क्षेत्र में निगम के कचरा वाहन जाए व दुकानों का कचरा उठाए इस पर भी कार्य चल रहा है। इसी के अंतर्गत शहर के सामाजिक संगठनों को जोड़कर स्वच्छता अभियान में मोहल्लों में जाकर गंदगी करने वालों को रोकने के लिए हाथ में झाडू देने की योजना पर मंथन को मंजूरी मिल गई है। इसके अंतर्गत जो व्यक्ति जहां कचरा या गंदगी सड़क पर करता मिलेगा उसको निगम के कर्मचारी हाथ में झाडू देकर सफाई करवाएंगे।

> शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत कई प्रकार के नवाचार किए गए है। इसी के अंतर्गत जो गंदगी करेगा उसी से सफाई करवाई जाना भी शामिल है। जल्दी ही यह शुरू किया जाएगा।
>
> **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

नईदुनिया

# सब मिलकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बना...

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 : एमएलबी स्कूल में नगर निगम उपायुक्त ने कहा

**रतलाम।** स्वच्छ, सुंदर शहर यह महज स्लोगन नहीं बल्कि यह प्रगतिशील जीवन शैली की पहचान है। यह हर किसी के आचार-व्यवहार में शामिल होना चाहिए। परिवेश भी आवरण की तरह है। व्यक्ति सुंदर हो पर उसके आवरण गंदे हो तो वह कुरूप ही दिखेगा। शहर को हरा-भरा, साफ-स्वच्छ, सुंदर बनाना हर शहरवासी का कर्तव्य है।

यह बात नगर निगम उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, स्कूल प्राचार्य अंजलि श्रीवास्तव, स्कूल स्टाफ व सैकड़ों छात्राएं मौजूद रहीं। शुक्ला ने कहा कि आओं हम सब मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कदम बढ़ाएं। मेरा शहर मेरी शान, स्वच्छता से हो इसकी पहचान, हमें इस प्रकार की धारणा के साथ एकजुट होकर स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में हमारे शहर को स्वच्छता की दौड़ में नंबर वन बनाना है। रतलाम नगर को अगर महानगर की श्रेणी में खड़ा करना है तो हर किसी को स्वच्छता पर ध्यान देना होगा।



एमएलबी स्कूल में छात्रा को पुरस्कृत करते हुए उपायुक्त निशिकांत शुक्ला। ● नईदुनिया

### स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

स्वच्छता सर्वेक्षण -2021 के तहत आयोजित कार्यक्रम में निबंध, मेहंदी, रंगोली, क्विज, चेयर रेस सहित आधा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपायुक्त शुक्ला ने स्वच्छता से जुड़ी रंगोली, चित्रकला, मेहंदी निर्माण का अवलोकन करते हुए छात्राओं के कार्यों की सराहना की और उन्हें पुरस्कृत भी किया।